## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

### बेपटरी साहब वापस ट्रैक पर आए

एसीएस स्तर के अधिकारी लंबे समय से हाशिये पर चल रहे थे. बताया जा रहा है कि बड़े साहब से उनकी पटरी नहीं बैठ नहीं रही थी, इस कारण वे ट्रैक पर नहीं आ पा रहे थे, लेकिन लगता है कि अब सब-कुछ ठीक-ठाक हो गया है. इसकी बानगी तब देखने मिली, जब साहब को बड़ी जिम्मेदारी दी गई. अब बेपटरी साहब वापस ट्रैक पर आ गए हैं. वैसे बेपटरी वाले साहब को कार्यदक्ष अफसरों में शुमार किया जाता है, लेकिन क्या करें, वक्त-वक्त की बात है. वैसे भी अब बड़े साहब के दिन लदने वाले हैं. ऐसे में अब तल्खियों के लिए वक्त कहां है. बहरहाल जो हुआ अच्छा हुआ,क्योंकि पुराने साहब का मन तो कहीं और रम रहा था. ऐसे में उम्मीद है कि अब विभाग का कामकाज भी ट्रैक पर सरपट दौड़ने लगेगा.

### मंत्री की याददाश्त के चर्चे

एक बड़ा महकमा संभाल रहे मंत्रीजी अपने कमजोर याददाश्त के चलते विरोधियों के निशाने पर आ गए. पिछले दिनों वे यह भी नहीं पहचान सके कि जिसकी चर्चा चल रही है वे अपने ही विधायक है. सबसे बड़ी बात ये कि मंत्री भी मालवा के और विधायक भी मालवा के, चलो किसी दूसरे क्षेत्र के होते तो मान लेतें कि भूल-चूक संभव है. बहरहाल मंत्री की उनकी गलती का अहसास कराया गया, तब पता चला कि वे उनकी पुरानी पार्टी के नहीं बल्कि पुराने संघी हैं. अब विपक्षी दल को भी मौका मिल गया, वे भी गिनाने लगे हैं कि आखिर मंत्रीजी के मन से पूर्ववर्ती दल की यादें बसीं हुई हैं जो अब तक मन से निकल नहीं पा रही है.

### आंदोलन के बाद क्रेडिट लेने की होड़

पिछले दिनों कांग्रेस ने प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया. इस आंदोलन ने प्रदेश में कांग्रेस को एक बार फिर जनता से जुड़े मुद्दों से जुडऩे का मौका दिया. इसका असर भी दिखा. चंबल से लेकर मालवा तक किसान सडक़ों पर दिखे. भाजपा संगठन को बचाव में उतरना पड़ा. लेकिन अब इस आंदोलन के बाद क्रेडिट लेने की अघोषित जंग शुरू हो गई है. कई कद्दावर नेता इसका श्रेय लेने की कोशिश में जुटे हैं. हाईकमान को अपने-अपने स्तर पर लगातार संदेश दिए जा रहे हैं कि देखो, हमने अपने क्षेत्र में कितना सफल आंदोलन किया. अंदरुनी कलह कांग्रेस में कोई नई बात नहीं है, ये आंदोलन भी कांग्रेस के इस पुराने जख्म पर मलहम लगाने में नाकाम साबित हो रही है.

### दो कद्दावर मंत्रियों की जुगलबंदी

दो कद्दावर मंत्रियों की जुगलबंदी प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है. एक मंत्री महाकौशल से तो दूसरे मालवा से हैं. एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मालवा वाले मंत्रीजी तय समय से पहले ही निर्धारित स्थल पर पहुंच गए थे. जश्र और आनंद का कोई मौका उन्होंने हाथ से जाने नहीं दिया. जितनी जुगलबंदी उन्होंने दिखाई, उतना किसी और ने नहीं दिखाई. अब लोग इस जुगलबंदी के मायने निकाल रहे हैं.

# दो तालाब से शांति नगर तक बनेगी नई टू-लेन सड़क

- 11 करोड़ की लागत से बनेगा नया मार्ग
- लगभग 100 मकानों को जारी होंगे हटाने के नोटिस
- हरिफाटक से देवास रोड तक मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी




नवभारत न्यूज

**उज्जैन. दो तालाब से शांति नगर तक एक नया संपर्क मार्ग बनाए जाने की रूपरेखा तय हो गई है. टेंडर ओपन हो चुका है. ठेकेदार को सोमवार तक वर्क आर्डर दे दिया जाएगा. अभी दस्तावेजों का परीक्षण चल रहा है, वहीं मार्ग में 100 मकान भी हटाए जाएंगे.**

महाकुंभ सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर के भीतर सड़कों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप उज्जैन को आधुनिक और सुव्यवस्थित सड़क संपर्क से जोड़ने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसी क्रम में शहर को एक और महत्वपूर्ण टू-लेन सड़क की सौगात मिलने जा रही है, जो दो तालाब स्थित शिंदे नर्सिंग होम से प्रारंभ होकर शांति नगर तक बनाई जाएगी।

**फोरलेन और सिक्सलेन से जुड़ेगा मार्ग**-यह बनने जा रही नई सड़क आगे शांति नगर से उस फोर-लेन मार्ग से जुड़ेगी, जो हरिफाटक सिक्स-लेन सड़क से संपर्क स्थापित करता है. इस प्रकार हरिफाटक से लेकर दो तालाब तक एक वैकल्पिक और सशक्त यातायात मार्ग तैयार हो जाएगा, जिससे सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को बड़ी राहत मिलेगी.

**11 करोड़ निर्माण लागत**-नगर निगम द्वारा इस परियोजना के लिए लगभग 11 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया था, जो अब खुल चुका है. दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद सोमवार को चयनित निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा. इसके तुरंत बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा. परियोजना को एक वर्ष की समय-सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

### 100 मकान चौड़ीकरण की जद में

इस सड़क निर्माण के लिए करीब 100 मकानों और निर्माणों को हटाया जाएगा. संबंधित रहवासियों को पूर्व में मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, और अब उन्हें लिखित नोटिस जारी किए जाएंगे. यह कार्य नगर निगम के जोन क्रमांक-6 के अंतर्गत किया जाएगा. प्रशासन का कहना है कि समय रहते सूचना दिए जाने से प्रभावित परिवार स्वयं अपने स्तर पर निर्माण हटाकर नुकसान कम कर सकते हैं.

### आंतरिक कनेक्टिविटी होगी मजबूत

ये नई सड़क बनने के बाद दो तालाब, भार्गव नगर और पंचमपुरा क्षेत्र से होकर यातायात सीधे पुष्पा मिशन अस्पताल के सामने देवास रोड तक पहुंचेगा. इसके साथ ही यह मार्ग विक्रम नगर और कोठी रोड से भी जुड़ जाएगा, जो आगे मक्सी रोड तक संपर्क प्रदान करता है। इस प्रकार शहर के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशा के प्रमुख मार्ग आपस में जुड़ जाएंगे.

**बड़े मार्गों से कनेक्ट** -अब स्थिति यह होगी कि शहर की टू-लेन सड़कें फोर-लेन मार्गों से जुड़ेंगी, फोर-लेन सड़कें सिक्स-लेन कॉरिडोर से संपर्क करेंगी और ये सभी बाहरी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों से समन्वित हो जाएंगी. इससे उज्जैन की संपूर्ण यातायात संरचना एकीकृत रूप में विकसित होगी.

**सिंहस्थ के साथ आम दिनों में भी मिलेगा लाभ**-अब तक नानाखेड़ा से महाकाल मंदिर और शिप्रा तट तक पहुंचने के लिए सीमित मार्ग उपलब्ध थे, जिससे पर्वों और विशेष अवसरों पर अत्यधिक दबाव बनता था. ऐसे में आंतरिक सड़कों के विस्तार और नए संपर्क मार्गों के निर्माण से महाकाल मंदिर, शिप्रा घाट, प्रमुख देवालयों और मेला क्षेत्र तक पहुंचना कहीं अधिक आसान हो जाएगा.

**आवागमन में सभी को लाभ**-इस मार्ग के बनने से न केवल सिंहस्थ-2028 के दौरान भीड़ नियंत्रण में सहायता मिलेगी, बल्कि सामान्य दिनों में भी शहरवासियों, स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों, वाहन चालकों और पर्यटकों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी. मोक्षदायिनी मां शिप्रा में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालु और बाबा महाकाल के दर्शनार्थियों को भी तेज, सुरक्षित और सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा.

**प्रशासन की टीम कर रही दिन-रात मॉनिटरिंग**-महाकुंभ-2028 की तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमें लगातार सक्रिय हैं. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं.

# प्रदेश में भीषण गर्मी, लू का सितम

## 43.5 डिग्री पहुंचा रतलाम में पारा



**इंदौर, 09 मई. प्रदेश में नौतपा से पहले ही सूरज के तीखे तेवर लोगों को झुलसाने लगे हैं. शनिवार को समूचा मध्यप्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में रहा. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रतलाम में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है.**

वहीं विदिशा में पारा 41.6 डिग्री और उज्जैन में 42.4 डिग्री तक पहुंच गया है. इसके विपरीत अमरकंटक में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे वहां रात का मौसम अन्य जिलों के मुकाबले ठंडा रहा. वहीं दूसरी ओर मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने की आशंका जताई है. विभाग ने नर्मदापुरम, बैतूल, अशोकनगर, शिवपुरी, सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पन्ना जिलों में लू चलने और गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है.

### इंदौर में 42 डिग्री

इंदौर में आज तापमान 42 डिग्री दर्ज हुआ है, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है. आज शहर में गर्म हवाओं की रफ्तार भी बढ़ गई और 17 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लू के थपेड़े लग रहे थे. रात का तापमान भी सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 25.1 डिग्री दर्ज हुआ है. मौसम विभाग पूर्वानुमान से बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों तक तक अब लगातार तापमान में वृद्धि हो सकती है. पारा 42 से 45 के बीच बना रहेगा. इस दौरान गर्म हवाओं की गति बढ़ने से लू चलने की संभावना है. बाकी मौसम साफ रहेगा और आज भी दृश्यता 6 किलोमीटर की रही.

# पीएम ग्राम सड़क और जनमन योजना का शुभारंभ आज

**भोपाल, 9 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले के भैरूंदा में 10 मई को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 तथा पीएम जनमन योजना का शुभारंभ किया जाएगा.

मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे.

**पश्चिम रेलवे**

**डीजल पंप किराया पर लेना**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-I, पश्चिम रेलवे, इंदौर **निविदा संख्या: IND-DINL-DyCE-C-4-140** आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** डीएचडी-आईएनडी नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में तिही-गुणावद और गुणावद-धार सेक्शन के बीच विभिन्न स्थानों के आसपास के क्षेत्रों में बारिश का पानी/कीचड़/मिट्टी निकालने के लिए डीजल पंप किराए पर लेना। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 14,49,696/-. **ईएमडी:** ₹ 29,000/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 01/06/2026 को 15.00 बजे तक। **निविदा खोलना:** 01/06/2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

0085

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड

Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY# *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलरः इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**